# सफलता की कहानी

| | |
|---|---|
| कृषक का नाम | : सुमित्रा महतो |
| पिता/पति का नाम | : बनमाली महतो |
| ग्राम | : ऊपरशोली |
| पंचायत | : चुकरीपाड़ा |
| प्रखण्ड | : धालभूमगढ़ |
| जिला | : पूर्वी सिंहभूम |
| मोबाइल नं0 | : 7250213964 |

सुमित्रा महतो एक साधारण परिवार की महिला किसान है। इसका पूरा परिवार कृषि पर आश्रित है। उनके पास 4 एकड़ जमीन है जिसमें 2 एकड़ जमीन में धान की खेती करते हैं शेष 2 एकड जमीन पर सालों भर सब्जियों की खेती करके मुनाफा कमातें है।

सुमित्रा महतो कुछ साल पहले तक पांरपरिक तरीके से खेती करती थी जिससे सामान्य तौर पर घर–गृहस्थी चलने लायक आमदनी हो जाता था।

प्रखण्ड के आत्मा कर्मियों से संपर्क होने के बाद इसे कृषि की नवीन तकनीक को जानने एवं उसे अपने कृषि कार्य में अपनाने के लिए प्रोत्साहित हुई। इस वर्ष सुमित्रा महतो धान की रोपनी श्रीविधि तकनीक से की है। Line Sowing तकनीक से खेती करने पर इसको खेती में लागत कम एवं मुनाफा अधिक हो रहा है।

विगत गर्मी के मौसम में खीरा, नेनुआ, लौकी एवं मिर्चा की खेती की है। लौकी की खेती कर लगभग 9,000/– रूपये, करेला से 12,000/– रूपये, एवं भिंडी की खेती कर 8,000/– रूपये मुनाफा कमाई है। विगत माह जुलाई में 1000 बैगन का पौधा रोपाई की है तथा टमाटर एवं अन्य सब्जियाँ लगाने के लिए खेत की तैयारी हो रही है। सिंचाई के लिए नाला और कुँआ का व्यवस्था है, पास के ही नाला में सालों भर पानी रहता है जिससे सिंचाई के लिए पानी का अभाव नहीं है।

आत्मा से उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी एवं मार्गद र्न मिलने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत सरसों एवं गेहूँ बीज प्राप्त की है।

लॉकडाउन के समय में भी उसके परिवार को किसी प्रकार की भरण–पोषण की असुविधा नहीं हुई। सालों भर मौसम के अनुसार खेती होने के कारण आमदनी होती रही है।

समेकित कृषि प्रणाली के साथ–साथ घर में मुर्गी पालन एवं बत्तख पालन भी सुमित्रा महतो कर रही है उनके पति बनमाली महतो एवं उनके परिवार के बाकी सदस्य भी कृषि कार्य में सहयोग देते हैं।

सुमित्रा महतो स्थानीय बाजार में एवं व्यापारियों के माध्यम से बिक्री करती है। जिससे इनके परिवार का भरण–पो ण अच्छा तरीके से हो रहा है। इस तरह उनको सब्जी की खेती एवं मुर्गी पालन बत्तख पालन से लगभग 75 से 80 हजार रूपये कमाई हो जाता है जिससे इनका पारिवारिक आर्थिक स्थिति पहले से कहीं बेहतर है।


2021/8/25 08:49


2021/8/25 08:50




2021/8/25 09:01


Unnamed Road, Jharkhand 832302, India
Latitude 22.579369° Longitude 86.549068°
AL 11:57:59 GMT 06:27:59 FRIDAY 09.03.2021 ALTITUDE 59 ME


2021/8/25 08:51